# आज पूरे विश्व में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाने की सबसे अधिक आवश्यकता

## भारत के "स्व" को जानकर अपने आप में "स्व" को जगाकर, देश के "स्व" को गौरवान्वित कर पूरे विश्व में भारत के "स्व" को प्रतिष्ठित करें

प्रहलाद सबनानी-

पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का जन्म दिनांक 25 सितबर 1916 को नगला चंद्रभान गांव उत्तर प्रदेश में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री भगवतीप्रसाद जी उपाध्याय एवं माता का नाम श्रीमती रामप्यारी उपाध्याय था। बचपन के साथ-साथ आपका पूर्ण जीवन ही बहुत संघर्षमय रहा था।

आपकी आयु जब मात्र दो वर्ष की थी, तब वर्ष 1918 में, आपके पिता इस दुनिया से चल बसे थे। इन परिस्थितियों के बीच आपका पालन पोषण आपके नानाजी के घर पर हुआ। परंतु, कुछ समय पश्चात ही आपकी माताजी का भी देहांत हो गया और जब आपकी आयु मात्र 10 वर्ष की थी तब आपके नानाजी भी चल बसे। इस प्रकार आपने बहुत छोटी सी आयु में ही अपने पूरे परिवार को खो दिया था।

अब आपको अपने भाई श्री शिवदयाल जी का ही एक मात्र सहारा था। दोनों भाई अपने मामाजी के साथ रहने लगे। श्री दीनदयालजी जी अपने भाई से बहुत प्यार करते थे और आपने अपने भाई को सदैव एक अभिभावक के रूप में देखा। परंतु, नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था, तथा वर्ष 1934 में आपके भाई की भी मृत्यु हो गई। अब आपके साथ अपने परिवार का एक भी सदस्य नहीं बचा था। फिर भी आपने अपने जीवन में कभी भी अपनी जिन्दगी से हार नहीं मानी और जैसे इस पूरे देश को ही आपने अपना परिवार मान लिया था।

इन विपरीत परिस्थितियों के बीच आपने अपनी पढ़ाई पर बिल्कुल भी आंच नहीं आने दी एवं आपने वर्ष 1936 में बीए स्नातक की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। बाद में, आपने एमए की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।




शिक्षा पूर्ण करने के तुरंत बाद ही आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए। आप आजीवन संघ के प्रचारक रहे। आप मात्र 51 वर्ष की अल्पायु में दिनांक 11 फरवरी 1968 को इस दुनिया को छोड़कर चले गये। आपने अपने जीवनकाल में कई कृतियों की रचना की थी, जिनमें शामिल हैं- एकात्म मानववाद, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, जगद्गुरु शंकराचार्य, सम्राट चन्द्रगुप्त, राष्ट्र जीवन की दिशा, दो योजनाएं, राजनीतिक डायरी, आदि।

आपके बाल जीवन के कुछ प्रसंग सुनकर आपकी संवेदनाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलती है। एक बार आप आगरा में अपने नाना जी के साथ सब्जी खरीदने हेतु मंडी में गए एवं गलती से एक खोटा सिक्का सब्जी वाली माताजी को दे दिया। घर आकर जब उन्हें यह बात ध्यान में आई तो वे तुरंत उस सब्जी वाली माताजी के पास गए एवं उस माताजी के मना करने के बावजूद आपने उसकी रेजगारी में से खोटा सिक्का ढूंढकर उनको अच्छा सिक्का देकर घर वापिस आए और तब जाकर आपको संतोष हुआ। इसी प्रकार, एक बार आप पूजनीय श्री गुरु गोलवलकर जी के साथ यात्रा कर रहे थे।

श्री गुरुजी दूसरी श्रेणी के डिब्बे में थे और श्री उपाध्याय जी तृतीय श्रेणी के डिब्बे में थे। श्री गुरु जी ने किसी कार्य के लिए आपको अपने दूसरी श्रेणी के डिब्बे में बुलाया और आपने श्री गुरुजी के साथ दूसरी श्रेणी के डिब्बे में कुछ समय तक यात्रा की। कार्य समाप्त होने के बाद आप वापिस तृतीय श्रेणी के डिब्बे में आ गए और आपने टीसी से सपर्क कर उन्हें दो स्टेशनों के बीच की दूरी का दूसरी श्रेणी का किराया अदा किया ` योंकि आपने इन दोनों स्टेशन के बीच द्वितीय श्रेणी में यात्रा कर ली थी।

कालांतर में आदरणीय पंडित श्री दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश के आर्थिक चिंतन को एक नयी दिशा देने का प्रयास किया था। आपने अपने आर्थिक चिंतन को ÷एकात्म मानव दर्शन÷ के नाम से देश के सामने रखा था। यह एक समग्र दर्शन है, जिसमें आधुनिक सयता की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय विचारधारा के मूल तत्वों का समावेश किया गया है।

आपका मानना था कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे एक सामान्य व्यक्ति को ऊपर उठाने की सीढ़ी है, राजनीति। अपनी इस सोच को उन्होंने सायवाद, समाजवाद, पूंजीवाद या साम्राज्यवाद आदि से हटाकर राष्ट्रवाद का धरातल दिया। भारत का राष्ट्रवाद विश्व कल्याणकारी है` योंकि उसने ÷वसुधैव कुटुबकम÷ की संकल्पना के आधार पर ÷सर्वे भवन्तु सुखिन÷ को ही अपना अंतिम लक्ष्य माना है। यही कारण था कि अपनी राष्ट्रवादी सोच को उन्होंने ÷एकात्म मानववाद÷ के नाम से रखा।

इस सोच के क्रियान्वयन से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का विकास होगा। उसका सर्वांगीण उदय होगा। यही हम सभी भारतीयों का लक्ष्य बने और इस लक्ष्य का विस्मरण न हो, यही सोचकर इसे ÷अन्त्योदय योजना÷ का नाम दिया गया। अंतिम व्यक्ति के उदय की चिंता ही अन्त्योदय की मूल प्रेरणा है। दरअसल प्राचीन काल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक दृष्टि से भारत का दबदबा इसलिए भी था` योंकि उस समय पर भारतीय संस्कृति का पालन करते हुए ही आर्थिक गतिविधियां चलाई जाती थीं। परंतु, जब से भारतीय संस्कृति के पालन में कुछ भटकाव आया, तब से ही भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर से वर्चस्व कम होता चला गया। दूसरे, आक्रांताओं ने भी भारत, जिसे सोने की चिड़िया कहा जाता था, को बहुत ही दरिंदगी से लूटा था। इस सबका असर यह हुआ कि ब्रिटिश राज के बाद तो कृषि उत्पादन में भी भारत अपनी आत्मनिर्भरता खो बैठा था। इसी वजह से स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ आर्थिक चिंतकों द्वारा भारत को पुनः अपनी संस्कृति अपनाते हुए आगे बढ़ने की पैरवी की गई थी। परंतु, उस समय के शासकों ने समाजवाद का चोला ओढ़ना ज्यादा उचित समझा। जिसके चलते आर्थिक क्षेत्र में भी कोई बहुत अधिक प्रगति नहीं की जा सकी। यदि देश में उसी समय पर आदरणीय पंडित श्री दीनदयाल उपाध्याय जी के ÷एकात्म मानव दर्शन÷ के सिद्धांत के आधार पर अपनी आर्थिक नीतियां बनायी गई होतीं तो आज देश के विकास की कहानी कुछ और ही होती। भारतीय संस्कृति में एकात्म सभी जगह पर दिखाई देता है और अनेकता में एकता भी भारतीय संस्कृति का ही विचार है। परमात्मा के विराट दर्शन में कई अंश दिखाई देते हैं परंतु सभी एक दूसरे से जुड़े हुए भी दिखाई देते हैं। हम लोग अपने मंदिरों अथवा घरों में विभिन्न देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा करते हैं परंतु उन्हें एक रूप में भी देखते हैं। इस प्रकृति में भी समन्वय का भाव है। और तो और, प्रतिस्पर्धा में भी कहीं न कहीं जुड़ाव दिखाई देता है। यही एकात्म है। प्रकृति से अपने आप को जुड़ा महसूस किया इसीलिए भारत ने प्रकृति का उपयोग तो किया शोषण नहीं किया। भारत ने पर्यावरण की चिन्ता इसलिए की` योंकि हमारा दृष्टिकोण भोगवादी नहीं है। एकात्मवादी है। हम सदैव अपने आप को प्रकृति से भी जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। हम लोग मानते हैं कि व्यक्ति का एकांगी नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास हो और आत्मा सुखी अनुभव करे। देश के साथ ही पूरे विश्व को भी परिपूर्ण एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलाना आज की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओं में भी यह प्रयास किया जाता है कि स्वयंसेवकों का मानसिक एवं शारीरिक विकास हो तथा वे अपने आप को पूरे विश्व के साथ जुड़ा हुआ महसूस करें। एकात्म मानववाद की विचारधारा पर आगे चलकर वसुधैव कुटुबकम के भाव को अपने आप में विकसित कर सकें। एकात्म हमें दृष्टि देता है कि हम जीवन में उदार होते जाएं और अपना जुड़ाव वैश्विक स्तर तक ले जाएं।

चाहे व्यक्ति हो, परिवार हो, देश हो या विश्व हो, किसी के भी विषय में चिंतन का आधार एकांगी न होकर एकात्म होना चाहिए। इस प्रक्रिया में देश या राष्ट्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई बन जाता है। अतः आज की परिस्थितियों में भारत को एवं भारत की चित्ति को समग्रता से समझना जरूरी है। भारत के ÷स्व÷ को जानकर अपने आप में ÷स्व÷ को जगाकर, देश के ÷स्व÷ को गौरवान्वित कर पूरे विश्व में भारत के ÷स्व÷ को प्रतिष्ठित करें, आज के संदर्भ में यही भारतीय नागरिकों से अपेक्षा है।

## मु यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

भोपाल - मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के भेल क्षेत्र में स्थित ज बूरी मैदान पहुंचकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के सोमवार को हो रहे कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने ज बूरी मैदान पर मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ज बूरी हेलीपेड का भी निरीक्षण किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद टीवी चैनल प्रतिनिधियों को बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। प्रधानमंत्री जी के स्वागत के लिए भोपाल और मध्यप्रदेश तैयार है।

मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद श्री वीडी शर्मा, जनप्रतिनिधि और कमिश्नर भोपाल डॉ पवन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के 2 युवा नौकरी के लिए जायेंगे जापान

### अभिनव योजना की मदद से मिला विदेश में रोजगार

भोपाल - पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग की विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना से पिछड़ा वर्ग के 2 युवाओं को जापान में नौकरी करने का मौका मिला है। यह युवक प्रदेश के छोटे कस्बों के हैं।

नर्मदापुरम जिले की तहसील सोहागपुर के ग्राम रेवावनखेड़ी के सौरभ कुमार विश्वकर्मा और छिंदवाड़ा जिले की तहसील चौरई के ग्राम माचीबाड़ा के दीनदयाल सनोडिया का जापान के ओसाका शहर में नौकरी के लिए चयन हुआ है। इमेशिग कंपनी लिमिटेड ने इन युवाओं को प्रतिमाह एक-एक लाख रूपये की राशि के वेतन पर नौकरी दी है।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक विभाग ने हाल ही में पिछड़ा वर्ग के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के लिए अभिनव योजना शुरू की है। योजना के अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं। सौरभ और दीनदयाल बताते है कि उन्होंने योजना में चयन होने के बाद भोपाल के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक कल्याण विभाग के राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र में जापानी भाषा का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद इन्होंने जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया। इसके बाद इन युवाओं को जापान की नियोक्ता कंपनी की मांग अनुसार विशेष कौशल में प्रशिक्षित किया गया।

योजना में पहले चरण के बैच में 30 उ मीदवारों में से 24 उ मीदवारों ने जापान सरकार द्वारा ली जाने वाली लेंग्वेज परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इन युवाओं को भी नौकरी के लिए जापान भेजने की विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जापान में हेल्थ केयर और कंस्ट्रे शन क्षेत्र में रोजगार की अच्छी संभावना है। योजना में चयनित युवाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गई है। पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को विदेशों में रोजगार की अभिनव योजना दिस बर-2022 में विभाग द्वारा प्रारंभ की गई। इसमें विदेशी भाषा के प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण के साथ विदेशों में रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था है। विभाग ने वर्ष 2023-24 के लिये 200 व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिये विभागीय बजट में 50 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

# कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय मिलेंगे एक लाख रुपए

**जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन कोटवारों को 8 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे**

**कोटवार परिवार की बहनों को देंगे लाडली बहन योजना का लाभ कोटवारों को सीयूजी सिम मिलेगी, हर वर्ष होगा स मेलन**

**कोटवारों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ**

**राज्य स्तरीय कोटवार पंचायत में मु यमंत्री ने की घोषणाएँ**

भोपाल - मध्यप्रदेश में कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपए की राशि मिलेगी। कोटवारों को मिलने वाली राशि में अब हर साल पांच सौ रुपए बढ़ते चले जायेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हें 4 हजार के स्थान पर 8 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास 3 से 7.5 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें 600 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 1200 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। ऐसे कोटवार जिनके पास 7.5 एकड़ से 10 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें पर न्यूनतम मानदेय एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इसमें समय-समय वृद्धि भी होगी। जिनके पास 3 एकड़ तक की सेवा भूमि है उन्हें वर्तमान में मिल रहे एक हजार रुपए के स्थान पर 2000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कोटवार स मेलन में कोटवारों के हित में ये घोषणाएँ करते हुए मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम कोटवार राजस्व प्रशासन के रीढ़ की हड्डी हैं। वे सूचनाओं को अपडेट करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ओला, पाला, खेतों में इल्ली, सूखा और अन्य आपदाओं की जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। इनके जीवन की कठिनाईयों को दूर करना आवश्यक है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने ने कहा कि कोटवारों को सीधे मु यमंत्री निवास से जोड़कर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने का माध्यम भी बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। उनकी वर्दी का रंग अब खाकी होगा।



### कोटवार परिवार की बहन को मिलेगा लाड़ली बहना योजना का लाभ

कोटवार पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से छूट रहेगी। प्रत्येक कोटवार को सीयूजी सिम मिलेगी। इसका रिचार्ज भी राज्य सरकार करेगी। कोटवार परिवार की हर बहन को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा। कोटवारों का प्रतिवर्ष स मेलन होगा।

### गाँव के गूगल हैं कोटवार

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार का पद छोटा है लेकिन उनका दायित्व बड़ा है। कोटवार ग्राम देवता हैं। वे गाँव के गूगल हैं। कोटवार की जानकारी के बिना कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ती। कोटवार से ग्राम की सब जानकारी मिल जाती है। वे इसलिए चलते-फिरते गूगल हैं। सही मायने में कोटवार जमीन से जुड़े हुए हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने ग्राम में बचपन में जागते रहो की रात के समय आवाजें सुनी हैं। कोटवार इसलिए जागते हैं, सावधान करते रहते हैं, जिससे ग्राम सुरक्षित रहे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार ग्राम में मुनादी का कार्य भी करते हैं। हर विभाग की सही जानकारी कोटवार ही देते हैं। वे जन्म-मृत्यु सूचना भी देते हैं, प्राकृतिक आपदा की बात बताते हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार, सीमांकन का आंकड़ा देते हैं। पुलिस विभाग भी कोटवार से प्राप्त पहली सूचना के आधार पर कार्य करती है। ग्राम की कुंडली कोटवार के पास रहती है। तहसील में हर महीने बैठक में जानकारी देते हैं। निर्वाचन की ड्यूटी में भी कोटवार मददगार हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। संवेदनशील होकर ही किसी भी वर्ग का कल्याण हो सकता है। मु यमंत्री लाड़ली योजना बहना भी इस संवेदनशीलता का परिणाम है। कोटवारों का पद कोई छोटा नहीं है। सभी की गरिमा होती है। कोटवार परिवार के महत्वपूर्ण अंग हैं, उनके कष्ट की चिंता करना और समाधान करना मुखिया के नाते मेरा दायित्व है।


मु यमंत्री श्री चौहान ने कोटवारों से आग्रह किया कि आप गांव की चिंता करें और ग्राम को बेहतर बनाएं। कोटवार परिश्रम से कार्य करने वाले भले लोग हैं।

### ग्राम की महिला कोटवार ललिया बऊ का भाव पूर्ण स्मरण

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोटवार जागता था तभी ग्राम चैन की नींद सोता था। मु यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि एक समय ग्राम जैत में महिला कोटवार का जि मा संभालने वाली ललिया बऊ को सभी स मान देते थे। वे अपनी जि मेदारी को अच्छी तरह निभाती थीं। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने मु यमंत्री बनने के बाद पहली पंचायत कोटवारों की ही की थी। कुछ समय से विभिन्न स्थानों पर भेंट करने वाले कोटवारों की इच्छा थी कि उनका भी स मेलन हो। आज कोटवार पंचायत में प्रदेश के कोटवारों से भेंट हो रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सूचनाओं के स प्रेषण में कोटवार संलग्न रहते हैं। वे प्राथमिक सहायक की भूमिका निभाते हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस और अन्य विभागों के लिए भी वे सहयोगी की भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में श्री रमेश शर्मा, अध्यक्ष मध्यप्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति, भगवान दास केवट, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश आजाद कोटवार संघ, हरवीर सिंह, मनोहर मेहरा, वीर सिंह, प्रमुख राजस्व आयुक्त श्री संदीप यादव, कले टर भोपाल श्री आशीष सिंह भी उपस्थित थे।

## सिवनी गणेशोत्सव







# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर आयोजित महाकुंभ में शामिल होंगे मण्डला से भाजपा कार्यकर्ता

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकर्ता महाकुंभ में मिलेगा मार्गदर्शन






मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन किया गया है, इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में भारतीय जनता पार्टी मण्डला के सभी 17 मण्डलों से भाजपा कार्यकर्ता 24 सितंबर को स्पेशल बस से हजारों की सं या में भोपाल पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होंगे एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित इस अविस्मणीय आयोजन के साक्षी बनेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि कार्यकर्ता महाकुंभ में जाने वाले कार्यकर्ताओं की व्यवस्था की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने मण्डलवार बैठक के साथ-साथ जिले एवं मण्डल के पदाधिकारी भाजपा के मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक कर भाजपा जिला कार्यालय के द्वारा की गई तैयारियों से अवगत कराया एवं जिले के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर सुझाव लिए एवं पदाधिकारियों को कार्यक्रम हेतु दायित्व प्रदान किये। उन्होंने अवगत कराया कि 24 सितंबर को भोपाल जाने वाले वाहनों के प्रभारी, भोजन प्रभारी, सपर्क एवं संवाद प्रभारी के साथ-साथ महाकुंभ में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओ के लिए प्रवेशिका मण्डल स्तर पर उपलब्ध कराई गयी है। मण्डला जिले के कार्यकताओ के लिए भोपाल मार्ग के बाडीबरेली में पृथक से जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी के माध्यम से भोजन, स्वल्पाहर एवं अल्पविश्राम हेतु व्यवस्था की गयी है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र, त्रिदेव, एवं, जिला, मण्डल एवं मोर्चो की कार्यसमिति, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, वरिष्ठजन आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होंगे। कार्यक्रम हेतु मण्डल अध्यक्षों ने व्यापक तैयारियां कर कार्यकर्ताओं को सूचित किया है।

# एनजीटी ने नगर पालिका पर लगाया 96 लाख रूपया जुर्माना

जुर्माना राशि के लिए कौन जबावदार

मण्डला यशोः- नेशनल ग्रीन ट्रिव्युनल ने आदेश पारित कर नगर से निकलने वाले कचरे का नियमानुसार निपटान न करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन न करने एवं गंदे नाले के पानी नदी का नर्मदा में मिलने पर उपयुक्त प्रबंधन न करने के आरोप में प्रकरण क्रमांक 606/2018 में 96 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित की है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि नगरपालिका परिषद मण्डला में प्रतिदिन लगभग 15 टन कचरा ड प किया जाता है यह कचरा पहले गाजीपुर एवं जंतीपुर के आसपास तथा बाद में मालीमोहगांव के पास जमा किया जाता रहा।

जिन स्थानों पर कचरा ड प किया जाता है उसे नगपालिका की भाषा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड कहा जाता है इस प्रकार ड प किये गये कचरे के निपटान एवं प्रबंधन की मौलिक जबावदारी नगरपालिका परिषद की बनती है। इसी प्रकार नगर में मिलने वाले लगभग 16 गंदे नालो का पानी पुण्य सलिला मां नर्मदा में मिलता है इस हेतु नगरपालिका परिषद द्वारा सीवर लाईन का कार्य कराया जा रहा है जो कि प्रगति पर है। यह कार्य अभी तक पूर्ण हो जाना चाहिए था तथा सीवर लाईनों से प्राप्त गंदे पानी का शुद्धिकरण कर उसका निपटान अभी तक होना चाहिए था परंतु नगरपालिका की लापरवाही तथा ठेकेदार पर समुचित नियंत्रण के अभाव में यह कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो सका। नगरपालिका पर यह भी आरोप लग रहे है कि सीवर लाईन प्रबंधन का कार्य न तो निर्धारित मापदंडो के आधार पर किया गया है और न ही सीवर लाईन निर्माण से शहर की सडकों में हुई तोडफोड पर आवश्यक सुधार कार्य किया गया। वर्षाकाल में आम नागरिक सडको के उबडखाबड एवं कीचडयुक्त होने के कारण अपने आप को असुरक्षित महसूस करता रहा है। समय पर उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य न होने के कारण नेशनल ग्रीन ट्रिव्युनल द्वारा नगरपालिका पर 96 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है तथा शास्ति जमा करने की समय सीमा भी नजदीक है। ऐसा प्रतीत होता है कि नगरपालिका परिषद नियंत्राण हीन अवस्था में है। अधिकारियों-कर्मचारियों पर नियंत्रण का घोर अभाव परिलक्षित हो रहा है। यहा यह कहना गलत न होगा कि पूरे नगर में कुत्तों एवं मवेशियों का साम्राज्य स्थापित है मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर कुत्तों एवं मवेशियों के पंजीयन तथा आवारा घूमते पाये जाने पर 1000 रूपये प्रति मवेशी के प्रावधान किये गये हैं परंतु शहर की मु य सडकों एवं चौराहों में आवारा मवेशियों के कारण यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति में कोई ठोस कार्यवाही नगरपालिका प्रशासन द्वारा नहीं की जा र ही। नगरपालिका अध्यक्ष के स्वयं के वार्ड में अव्यवस्था के विरोध में बोर्ड लगाकर जनप्रतिनिधियों का प्रवेश



निषेध आम जनता द्वारा किया गया। यह शहर के लिये विशेषकरण नगरपालिका अध्यक्ष के लिये शर्मनाक विषय है। शहर में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है तथा नालियां बजबजा रही है, यह किसी से छुपा नहीं है जनता किस बात का टै स नगरपालिका प्रशासन को दे रही है यह समझ के परे है। या टै स का भुगतान मात्र अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन के लिये है। नगरपालिका प्रशासन में समय पर वेतन भुगतान के लाले पड रहे है ऐसी स्थिति में 96 लाख शास्ति जमा करने की व्यवस्था कैसे होगी, विचारणीय है।

अधिरोपित शास्ति के संबंध में प्रश्न यह उठता है कि यह शास्ति अधिरोपण के लिये कौन-कौन जबावदार है तथा किनसे यह राशि वसूल की जाना चाहिए प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद में इस प्रकार अधिरोपित शास्ति जमा करने के लिए बजट के प्रावधान नहीं है तथा अन्तोगत्वा 96 लाख रूपये की राशि शहर के निवासियों पर ही टै स लगाकर वसूलने की आशंका जानकार लोगों द्वारा व्यक्त की जा रही है।

यहां प्रश्न इस बात का भी उठता है कि जब सीवर लाईन निर्माण हेतु वर्ष 2018-2019 में स्वीकृति प्राप्त हो चुकी थी जिसमें वर्ष 2020 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित की गई थी परंतु यह कार्य 2021 से प्रारंभ किया गया तथा अभी तक पूर्णता को प्राप्त नहीं हो सका। प्रश्न यह भी उठता है कि या नेशनल ग्रीन ट्रिव्युनल में नगरपालिका परिषद द्वारा प्रकरण का समुचित प्रतिरक्षण नहीं किया गया। खैर जो भी अब नगरपालिका प्रशासन को नेशनल ग्रीन ट्रिव्युनल द्वारा उपरोक्त प्रकरण में अधिरोपित 96 लाख की शास्ति के आदेश के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में समय सीमा में अपील प्रस्तुत करना आवश्यक है। यहा यह कहना गलत नहीं होगा कि नगर के ठोस अपशिष्ट के नियमानुसार निराकरण एवं शहर के 16 नालों के गंदे पानी के उचित प्रबंधन की मौलिक जबावदारी नगरपालिका अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की है।

यह जांच का विषय है किस स्तर पर हुई कर्तव्य विहीनता, लापरवाही एवं अर्कमण्यता के कारण नगरपालिका परिषद को 96 लाख रूपये की शास्ति का सामना करना पड रहा है। नगर के बुद्धिजीवियों एवं जानकार लोगों का कहना है कि यदि यह 96 लाख रूपये की राशि टै स लगाकर आम जनता से वसूले जाने का प्रयास किये जाने पर माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका नगरपालिका प्रशासन के विरूद्ध प्रस्तुत की जावेगी इसके लिये नगरपालिका प्रशासन ही जबावदार होगा। वैसे उचित यह होगा कि इस संबंध में नगरपालिका प्रशासन आम जनता को अपनी स्थिति स्पष्ट करे। जनापेक्षा है कि जिले की कर्मठ, ईमानदार एवं कर्तव्य के प्रति समर्पित कले टर को इस संदर्भ में संज्ञान लेना चाहिए।

# 40 लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

मण्डला यशोः- बहरिया टोला ग्राम माली मोहगांव पंचायत में यूथ कांग्रेस की बैठक रखी गई बैठक में ठाकुर राम ठाकुर रोहणी स्वरूप , ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा रखी गई रखी गई युवा साथियों को कांग्रेसी सदस्यता दिलाई जिसमें 40 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। शिवदास महेश रोहित सुकेरू छोटू मरावी अमित बृजेश ठाकुर हरदौल पंचम हरिलाल टिह्लू बाबूलाल रामकुमार जागेश्वर संतलाल रामचरण बैसाखू संतोष रोहित मनोज सोनू महिलाओं में भारती मरावी सुनीता आशा आशा कौशल्या संतोषी रनिया तजिया सभी युवाओं को कांग्रेसी सदस्यता दिलाई ?? इस कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशु जैन, प्रभात त्रिवेदी, महासचिव रेशमा अल्वी सोनू भलावी, बलराम चक्रवर्ती योगेश, किशन भैया जिला अध्यक्ष शकुंन जांघेंला अनीता चंदेल सभी को अतिथि के रूप में बुलाया गया।

# हत्या के आरोपी मनीराम सल्लाम एवं सुखदेव तेकाम को आजीवन कारावास

मण्डला यशोः- माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधींष श्रृं ला न्यायालय नैनपुर श्रीमान डी0आर0अहिरवार द्वारा अभियुक्त मनीराम सल्लाम पिता फागूलाल सल्लाम, आयु 55 वर्ष, निवासी ग्राम तिलरी, थाना-खटिया, जिला मण्डला तथा अभियुक्त सुखदेव तेकाम पिता जनाब सिंह तेकाम, निवासी-ग्रम अरोली, थाना खटिया जिला मण्डला म0प्र0 को आज दिनांक- 23.09.2023 को सत्र प्र0क्र0-05/23, अ0क्र0-02/23, धारा 302/34, 201 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 1000-1000/-रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

विजय अहिरवार सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक-05.01.2023 को प्रार्थी प्रताप सिंह उईके मृतक के पुत्र ने रिपोर्ट लेख कराया कि उसके पिता पचलू सिंह उईके झाड़-फूंक का काम करते थे, जो झाड-फूंक करने दिनांक-03.01.23 को ग्राम तिलरी तक काम से जा रहा हूं कहकर निकले थे, जो वापस नहीं आये एवं दिनांक-04.01.23 को ग्राम मोचा बाजार में शाम करीब 04:00 बजे तिलरी की हल्ली बाई ने प्रार्थी को बताई कि तु हारे पिता तिलरी गांव में सरस्वती बाई के घर के आंगन में सोया है, उसके साथ ग्राम अरोली का सुखदेव भी है तथा दिनांक-05.01.23 को सुबह 09:00 बजे ग्राम तिलरी के सरपंच शोभाराम के द्वारा फोन से सूचना दिया कि तु हारे पिता ग्राम तिलरी के कोपेनाला में पगडंडी रोड के पास मृत अवस्था में पड़े हैं, शरीर में चोट के निषान है, खून बहकर जमा हुआ है। उक्त सूचना पर मौके पर परिजनों के साथ जाकर देखा तो उसके पिता के सिर एवं आंखा के पास चोट के निषान, पीठ पसली में जगह-जगह खरोंच के निषान होना एवं किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पिता को तिलरी रोड से घसीटते हुए लोकर कोपेनाला में सिर एवं चेहरे में चोट पहुंचाकर हत्या किया है। पुलिस थाना खटिया द्वारा प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अ0क्र0 02/23 अंतर्गत धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा अ0सा0-1 प्रतापसिंह उईके, अ0सा0-2 गंगा बाई, सुषील पटेल, धरमसिंह उईके, यषवंत पूषाम, विपतदास, आर0 विनोद सिंह टेकले, डॉ. आयुष दुबे, रमेष कुमार जंघेला(पटवारी), अतुल वासनिक, एस आई रामकिषोर माथरे साक्ष्य में प्रस्तुत हुए साक्ष्य के मूल्यांकन एवं तर्को से सहमत होते हुए आरोपी मनीराम सल्लाम एवं सुखदेव तेकाम को आजीवन कारावास एवं 1000-1000/-रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजय अहिरवार द्वारा की गई।

# जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गे स संपन्न

मंडला यशोः- खेलो इंडिया की तर्ज पर जिला स्तरीय 'खेलो एमपी यूथ



गे स' का आयोजन इंडोर स्टेडियम मंडला में किया गया। समापन अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर कले टर ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिले में खेल अधोसंरचना तथा खिलाड़ियों की मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी लेते हुए जिला खेल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने खिलाड़ियों को खेल से जुड़े रहने के साथ ही पढ़ाई पर भी ध्यान देने की बात कही।

जिला खेल अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि खेलो इंडिया की तर्ज पर 'खेलो एमपी यूथ गे स' का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारत य में ब्लॉक स्तर पर वॉलीवाल, फुटबॉल, ऐथलेटिक, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, बेडमिंटन तथा जिला स्तर पर खेल कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, योगासन, बेडमिंटन, ऐथलेटिक, टेबल टेनिस, शतरंज, तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 18 वर्ष से कम आयु के 800 बालक, बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल शिक्षक, खिलाड़ी तथा खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्कूलों में विविध आयोजनों के जरिए निष्पक्ष मतदान का संदेश

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा जिले के अलग-अलग स्कूलों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। शनिवार को भी इसके तहत् चित्रकला स्पर्धा, मानव श्रृंखला, रैली तथा नैतिक मतदान संकल्प कार्यक्रम किए गए। विकासखंड मवई के शासकीय हाईस्कूल बहरमुंडा, पौंड़ी में पालकों तथा शिक्षकों ने नैतिक मतदान की शपथ ली, वहीं हायरसेकेंडरी स्कूल भीमडोंगरी में स्वीप संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार नारायणगंज के एकीकृत परिसर हाईस्कूल माडोगढ़ में छात्राओं द्वारा ड्राईंग शीट पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मनमोहक चित्रों को उकेरा गया। निवास विकासखंड के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमगवां तथा निवास में ह्यूमन चैन बनाकर नैतिक मतदान की अपील की गई। इसी तरह विकासखंड नारायणगंज के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कापा में रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

# ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहन जब्त

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाही करते हुए 22 सितंबर को मण्डला-पिण्डरई रोड पर एक वाहन हाइवा क्रमांक एमपी 22 एच 5871 खनिज रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त वाहन को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी पिण्डरई की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।




# योजना के बाद भी बगैर साइकिल बगैर यूनीफार्म स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी

मंडला यशोः- कई ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिनके घर से स्कूल के दूरी अधिक होती है, उन बच्चों को बस या अन्य यात्री वाहनों से किराया लगाकर स्कूल पहुंचना पड़ता था या फिर पैदल ही घर से स्कूल के लिए निकलना पड़ता था ऐसे सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं के बच्चों के लिए शासन द्वारा साइकिल शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल देने की योजना चलाई जा रही है यह योजना शुरू से ही मंडला जिले में सही तरीके से संचालित नहीं हो रही है।

इस शिक्षा सत्र के शुरू हुए तीन महिने से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन अब तक पात्र सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ नहीं मिला है। सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में इस नवीन शिक्षा सत्र 2023-24 में 3763 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया जाना था ये सभी कक्षा 6 वीं के छात्र-छात्राएं हैं, इन 3763 छात्रों में अब तक की स्थिति में 3403 छात्र-छात्राओं को ही साइकिल के लिए राशि उनके खाते में मिल पाई है बाकि करीब 360 छात्र-छात्राएं अभी भी निःशुल्क साइकिल की राशि खाते में आने की राह देख रहे हैं।

शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण हो या फिर यूनीफार्म का वितरण, इन दोनों योजनाओं के संचालन की प्रक्रिया में लगभग हर सत्र में बदलाव किया जा रहा है इसके पीछे जानकारों का कहना है कि पूर्व शासन द्वारा बच्चों को साइकिल दी जाती थी लेकिन साइकिलों की गुणवत्ता ठीक नहीं होने से इस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अब छात्र-छात्राओं के खाते में साइकिल खरीदी के लिए राशि डाली जा रही है लेकिन इस प्रक्रिया में भी किसी बच्चे को साइकिल के लिए राशि पहले मिल चुकी है तो कोई बच्चा सत्र के तीन माह बीतने के बाद भी साइकिल के लिए राशि आने की राह देख रहे हैं, चूंकि अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का समय भी चल रहा है ऐसे में साइकिल नहीं मिलने से कई छात्र-छात्राओं को समय में स्कूल पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। साइकिल खरीदी के लिए छात्र-छात्राओं के खाते में राशि भेजे जाने की प्रक्रिया की तरह ही यूनीफार्म वितरण में भी लापरवाही का आलम यह है कि पिछले सत्र में जो यूनीफार्म सिलकर छात्र-छात्राओं को मिल जाना था वह यूनीफार्म आज तक सभी बच्चों को नहीं मिल पाई है जिसके कारण पिछले सत्र में भी हजारों छात्र-छात्राएं बगैर यूनीफार्म या फिर पुरानी यूनीफार्म या फिर घर की रंग-बिरंगी ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। बता दें कि पिछले सत्र 2022-23 में यूनीफार्म सिलाई का काम समूहों को सौंपा गया था जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 80 हजार छात्र-छात्राओं के लिए दो जोड़ी यूनीफार्म अर्थात 1 लाख 60 हजार यूनीफार्म सिलकर देना था लेकिन अब तक की स्थित में 1 लाख 48 हजार यूनीफार्म सिलाई हुई है बाकि करीब 12 हजार यूनीफार्म आज भी सैकड़ों छात्रों को नहीं मिल पाई है। एनआरएलएम से मिली जानकारी अनुसार यूनीफार्म सिलाई का काम 113 समूहों को दिया गया था जिसमें 9 समूहों के खाते में राशि नहीं आई अब जाकर 9 में से 4 समूहों के खाते में राशि आने की बात कही जा रही है। आपको यहां यह भी बता दें कि पिछले सत्र में सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए भी यूनीफार्म सिलाई का काम हुआ है, वह भी आधा-अधूरा, वहीं शहरी क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए यूनीफार्म सिलाई के लिए समूहों के खाते में आज तक राशि नहीं आई है। बड़ी बात यह है कि जिन समूहों ने समय में यूनीफार्म सिलाई में लेट लतीफी की उन्हें समूहों को एक बार फिर यूनीफार्म सिलाई का काम इस सत्र की यूनीफार्म सिलाई के लिए दिया जा रहा है जिसकी राशि भी आ चुकी है लेकिन अब पोर्टल में यूनीफार्म के लिए पात्र छात्र-छात्राओं की जानकारी ही अपडेट नहीं हो पाई है।

# दहेज हत्या के मामले मे 7 वर्ष का सश्रम कारावास

मण्डला यशोः- माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधींष श्रृं ला न्यायालय नैनपुर श्रीमान डी0आर0अहिरवार द्वारा अभियुक्त संतोष साहू पिता बैसाखूलाल साहू, आयु 23 वर्ष, सुमंत्रा साहू पिता बैसाखू साहू, आयु 26 वर्ष, छोटी बाई साहू, पति बैसाखूलाल साहू,उम्र 49 वर्ष, बसोरीलाल साहू पिता जंगीलाल साहू, आयु 51वर्ष सभी निवासीगण-ग्राम झुलपुर, थाना-नैनपुर, जिला मण्डला म0प्र0 को दोषसिद्ध पाते हुए सत्र प्र0क्र0-02/22, अ0क्र0- 83/22, धारा 304बी, 498 भादवि के आरोप में दिनांक-23.09.23 को 7-7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000-2000/-रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

विजय अहिरवार सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मृतिका मनीषा साहू की शादी दिनांक-07.05.21 को सामाजिक रीति-रिवाज से संतोष साहू निवासी ग्राम झुलपुर के साथ हुई थी। शादी के 2 माह बाद से मृतिका को उसका पति संतोष साहू, सास छोटी बाई साहू, ननद सुमंत्रा साहू तथा बड़े ससुर बसोरीलाल साहू दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे इनकी प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक-08.02.22 को रात्री में करीबन 8 बजे श्रीमति मनीषा साहू पति संतोष साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम झुलपुर द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन करने से परिजनों द्वारा इलाज हेतु सीएचसी नैनपुर लाया गया था जो कि इलाज के दौरान सीएचसी नैनपुर में मनीषा साहू की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह 8 माह की गर्भवती थी । उक्त आधार पर आरोपीगण के विरूद्ध असल अपराध क्र0 83/22 धारा 304 बी,498ए भादवि एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया ।

संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा अ0सा01 अनिल गेवरीकर, अ0सा0 2 राहुल गेवरीकर, माधुरी शांडिल्य, कोमल साहू, माधो बेनी प्रसाद, अनिल साहू, वंदना कुषराम (नायब तहसीलदार), डॉ. राजीव चावला, स0उ0नि0 राजेष सेवईवार, आर0 सालिकराम तथा आकांक्षा चतुर्वेदी (एसडीओपी) साक्ष्य में प्रस्तुत हुए प्रस्तुत साक्ष्य के मूल्यांकन एवं तर्को से सहमत होते हुए आरोपियो को धारा 304बी भादवि के आरोप में 7-7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000-2000/-रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री विजय अहिरवार द्वारा की गई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297